दिन– शुक्रवार

दिनांक– 27 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बजट बेबिनार को संबोधित करते हुए कहा – देश दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगा।

02 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्णिया में आयोजित बैठक में सीमांचल से घुसपैठियों को बाहर करने का संकल्प दोहराया।

03. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र संपन्न हुआ। दो फरवरी से शुरू हुए सत्र के दौरान कुल बारह विधेयकों को स्वीकृति दी गयी।

04. और, पटना में बर्ड फ्लू की पुष्टि। पटना जू को सात मार्च तक बंद किया गया। लोगों को सावधानी बरतने की सलाह।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन के विस्तार के साथ देश रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ''विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त'' विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि बजट अल्पकालिक व्यापार पर आधारित नहीं होता, बल्कि यह देश के विकास का रोडमैप होता है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने अवसंरचना पर विशेष ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि देश का विकास राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, डिजिटल नेटवर्क और विद्युत प्रणालियों जैसी ठोस संपत्तियों को तैयार करके ही संभव है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि की जा रही है।

–––बाइट–––

11 साल पहले पब्लिक ३. के लिए बजट में लगभग 2 लाख करोड रुपए का प्रावधान था। मौजूदा बजट में यह बढ़कर लगभग 12 लाख करोड रुपए के पार हो गया है। इतने बड़े पैमाने पर सरकारी निवेश होना, प्राइवेट सेक्टर के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है।

श्री मोदी ने कहा कि वेबिनार को केवल विचारों के आदान–प्रदान का मंच नहीं बनाना चाहिए, बल्कि इसे मंथन सत्र में बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब उद्योग, शिक्षा जगत, विश्लेषक और नीति निर्माता एक साथ मिलकर सोचते हैं, तो योजनाओं का कार्यान्वयन बेहतर होता है और सटीक परिणाम मिलते हैं।

---

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमांचल में घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए एसएसबी और स्थानीय पुलिस अधिकारियों को विशेष निर्देश दिये हैं। पूर्णिया में सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में श्री शाह ने सीमांचल में अवैध घुसपैठ को पूरी तरह समाप्त करने का संकल्प दोहराया। केंद्रीय गृह मंत्री ने सीमांचल के सीमावर्ती गांवों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ते हुये स्थानीय लोगों के सशक्तिकरण पर भी बल दिया। बैठक में केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विभिन्न केन्द्रीय एजेंसियों के प्रमुख, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार समेत सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राष्ट्र की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दास्त नहीं किया जाएगा। पटना में पत्रकारों से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि बिहार से सभी घुसपैठियों को निकाला जाएगा।

–––बाइट–––

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र आज संपन्न हो गया। इस सत्र में कुल उन्नीस बैठकें आयोजित की गईं। बजट सत्र में बिहार विनियोग विधेयक दो हजार छब्बीस, बिहार तकनीकी सेवा आयोग संशोधन विधेयक, बिहार कर्मचारी चयन आयोग संशोधन विधेयक, बिहार नगरपालिका संशोधन विधेयक, बिहार सिविल न्यायालय विधेयक दो हजार छब्बीस, बिहार सचिवालय सेवा संशोधन विधेयक, बिहार निजी व्यावसायिक शैक्षणिक संस्थान विधेयक, बिहार अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक और बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड संशोधन विधेयक समेत कई विधेयक पारित किए गए। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि बजट सत्र के दौरान कई महत्पूर्ण मामलों का निष्पादन हुआ।

–––बाइट–––

---

पटना के सरकारी पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुयी है। चितकोहरा स्थित कौशल नगर में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पोल्ट्री अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के फार्म में छह हजार मुर्गियां संक्रमित पाई गयी हैं। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग ने संक्रमण की पुष्टि के बाद पूरे इलाके में दवा का छिड़काव किया है। लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी गयी है। पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. ने नगर निगम क्षेत्र में मुर्गियों को बाहर से लाने और बाहर ले जाने पर रोक लगा दी है। पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान की छह सदस्यीय टीम कौशल नगर पहुंचकर जांच में जुट गयी है। जिला पशुपालन अधिकारी डॉक्टर अरूण कुमार ने बताया है कि मामला सामने आने के बाद संक्रमित क्षेत्र के डेढ़ किलोमीटर एरिया को सेनिटाईज किया गया है।

---

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने कहा है कि पशु–पक्षियों में होने वाली बीमारियों की जाँच के लिए प्रदेश में प्रयोगशाला स्थापित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि इससे बर्ड फ्लू जैसी समस्याओं के नियंत्रण में मदद मिलेगी।

———बाइट———

---

इधर, पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान का कुछ हिस्सा संक्रमित क्षेत्र में आने के कारण पटना जू को तत्काल प्रभाव से सात मार्च तक आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। उद्यान के वन्य जीवों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

---

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने मधुबनी जिले के प्रसिद्ध पुरातात्विक स्थल बलिराजगढ़ का उत्खनन कराने का निर्णय लिया है। यह उत्खनन पटना सर्किल के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉक्टर हरिओम शरण के निर्देशन में कराया जाएगा। इससे मिथिला की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत सामने आएगी। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

राज्य की विशालतम पुरातात्विक स्थल बलिराजगढ़ के उत्खनन की दशकों से मांग की जा रही थी। पुरातत्वविद डा. शिव कुमार मिश्र ने बताया कि बलिराजगढ़ के पुरातात्विक उत्खनन से मिथिला के इतिहास एवं गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से लोगों को अवगत कराने में मदद मिलेगी। इससे पूर्व वर्ष 1962 और 2013–14 में एएसआई ने यहां उत्खनन कराया था। बिहार सरकार के पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय की ओर से भी भी पूर्व में उत्खनन कराया जा चुका है। हालांकि, सभी उत्खनन सांकेतिक रूप से ही कराए गए थे। पूर्व के उत्खननों से प्राप्त सामग्रियों के आधार पर कहा जा सकता है कि साढ़े तीन हजार वर्ष पूर्व यहां कोई विकसित शहर बसा हुआ था। रामायण में वर्णित मिथिला के जनकवंशी राजाओं की राजधानी बलिराजगढ़ में होने की संभावना व्यक्त की गई है। पुरातत्वविदों ने एएसआई के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि बलिराजगढ़ के संपूर्ण उत्खनन से मिथिला की गौरवशाली संस्कृति को भविष्य के लिए संरक्षित करने का सुअवसर प्राप्त होगा। आकाशवाणी समाचार के लिए मधुबनी से आकिल हुसैन।

---

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित तेईस लोगों को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाला मामले में बरी कर दिया है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार हमेशा ईडी और सीबीआई का दुरूपयोग करती रही है।

–––बाइट–––

वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय जायसवाल ने कहा कि तकनीकी कमियों की बजह से अरविंद केजरीवाल और अन्य को शराब घोटाला मामले में क्लीन चिट मिली है। श्री जायसवाल ने आरोप लगाया कि शराब घोटाले के मुख्य जनक अरविंद केजरीवाल ही हैं।

–––बाइट–––

---

नीतीश सरकार ने राज्य के सरकारी शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के प्रमोशन, वेतन भुगतान और स्थानांतरण नीति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि लंबे समय से लंबित शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया अब तय समय सीमा के भीतर पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अप्रैल दो हजार छब्बीस से इसकी शुरुआत की जाएगी। सरकार शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर भी नई नीति लागू करने जा रही है। इससे दूरदराज और कठिन क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों को राहत मिलने की संभावना है।

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार हर घर नल जल योजना से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री पंचातीराज विभाग, नगर विकास विभाग, आवास विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय स्तर पर आने वाले विधायकों के ध्यानाकर्षण सूचनाओं पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

---

बजट सत्र के समापन के अवसर पर आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सांस्कृति कार्यक्रम बसंत्तोसव का आयोजन किया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए।

---

अररिया व्यवहार न्यायालय ने रानीगंज थाना क्षेत्र में ढाई साल पूर्व एक दैनिक अखबार के पत्रकार विमल कुमार की हत्या के मामले दो आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

---

शिवहर में विकसित भारत– जी राम जी के कामों में लापरवाही बरतने के आरोप में डुमरी कटसरी प्रखंड के दो पंचायत रोजगार सेवकों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की गयी है। वहीं, उनके मूल वेतन में भी कटौती की गयी है।

---

नेपाल में आगामी पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के मद्देनजर जयनगर–जनकपुर के बीच चलने वाली ट्रेन का परिचालन तीन से पांच मार्च तक बंद रहेगा।

---

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने एक मार्च से रामपुरहाट–साहिबगंज पैसेंजर ट्रेन के समय में बदलाव का फैसला किया है। यह मेमू ट्रेन रामपुरहाट से अब सुबह छह बजकर दस मिनट पर रवाना होगी और नौ बजकर पच्चीस मिनट पर साहिबगंज पहुंचेगी।

---

पश्चिम चंपारण के लौरिया थाना क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडर फटने से दस से अधिक लोग झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे दो बच्चों को विशेष इलाज के लिए बेतिया रेफर किया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बजट बेबिनार को संबोधित करते हुए कहा – देश दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगा।

02 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्णिया में आयोजित बैठक में सीमांचल से घुसपैठियों को बाहर करने का संकल्प दोहराया।

03. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र संपन्न हुआ। दो फरवरी से शुरू हुए सत्र के दौरान कुल बारह विधेयकों को स्वीकृति दी गयी।

04. और, पटना में बर्ड फ्लू की पुष्टि। पटना जू को सात मार्च तक बंद किया गया। लोगों को सावधानी बरतने की सलाह।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।